# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–26 दिसम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

गुरु श्री गोबिन्द सिंह जी महाराज के चार साहिबजादों के बलिदान दिवस को आज 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। इसे साहिबजादा दिवस के तौर पर भी मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले चार साल में वीर बाल दिवस ने साहिबजादों की प्रेरणाओं और बलिदानों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाया है।

**बीते चार वर्षों में वीर बाल दिवस की नई परंपरा ने साहिबजादों की प्रेरणाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाया है। वीर बाल दिवस में साहसी और प्रतिभावान युवाओं के निर्माण के लिए एक मंच भी तैयार किया है। हर साल जो बच्चे अलगदृअलग क्षेत्रो में देश के लिए कुछ कर दिखाते हैं, उन्हें प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी लखनऊ में वीर बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में शहादत देने वाले वीर साहिबजादों को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चार साहिबजादे हिंदुस्तान के हर पाठ्यक्रम का हिस्सा बने हैं। श्री योगी ने कहा कि गुरु श्री गोबिन्द सिंह जी महाराज के चार साहिबजादों ने देश और धर्म के लिए जिस प्रकार अपना बलिदान दिया था, दुनिया के इतिहास में इस प्रकार का बलिदान देखने को नहीं मिलता है।

प्रदेश के कई जिलों में आज वीर बाल दिवस पर विविध गतिविधियों का आयोजन करके चार साहिबजादों की शहादत को याद किया गया।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में 'वीर बाल दिवस' के अवसर पर 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' प्रदान किए। ये पुरस्कार वीरता, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, खेल तथा कला के क्षेत्रों में दिए जाते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि ये पुरस्कार आज पुरस्कृत हुए बच्चों के साथ–साथ देश भर के अन्य बच्चों को प्रोत्साहित करेंगे।

**आप जैसे वीर और प्रतिभाशाली बच्चे निरंतर अच्छा काम करते रहेंगे। ये तो शुरूआत है, जिन्दगी बहुत उड़ान करने के लिये बाकी है। मुझे लगता है आपके प्रतिभा से भारत जरूर उत्साहित होगा और बहुत सारे बच्चे आपको फॉलो करेंगे, वो भी अपना–अपना हुनर दिखाने के लिये वो भी प्रयास जरूर करेंगे।**

पुरस्कार पाने वालों में बाराबंकी की पूजा पाल और आगरा के रहने वाले नौ वर्षीय अजय भी शामिल है। पूजा को नव–उन्मेषी सोच और वैज्ञानिक दृष्टि के लिए तथा अजय को असाधारण वीरता दिखाने के लिए यह पुरस्कार मिला है।

**********

कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कई विकास कार्य किए जाएंगे। डीडी न्यूज से विशेष बातचीत में उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार के लिए वैधानिक मजदूरी रोजगार गारंटी बढ़ा दी गई है।

**सौ से सवा सौ दिन हम रोजगार कर रहे हैं तो पैसे भी ज्यादा लगेंगे। इस साल प्रस्तावित बजट था 25–26 का 88 हजार करोड अब जो प्रस्तावित है वो है एक लाख 51 हजार 282 करोड रूपया। अकेले केन्द्र सरकार 95 हजार करोड़ से ज्यादा इसमें खर्च करेगी। गांव में विकास के सारे काम इस योजना के माध्यम से किए जांएगे।**

**********

गोरखपुर का वनटांगिया गांव जंगल तीनकोनिया नम्बर तीन प्रदेश का पहला और देश का दूसरा 'जल अर्पण गांव' बन गया है। अब इस गांव में पानी की आपूर्ति की व्यवस्था ग्राम पंचायत संभालेगी। आज स्थानीय सांसद रविकिशन शुक्ल ने अधिकारियों के साथ वनटांगिया गांव के प्रधान और ग्रामीणों को जल कलश सौंप कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने जल संरक्षण की अपील की और कहा कि हर ग्रामवासी को पानी की बर्बादी रोकने का प्रयास करना चाहिए।

**********

भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में इक्तीस दिसंबर को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर भव्य आयोजन किया जाएगा। हमारे अयोध्या प्रतिनिधि ने बताया कि इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों की शुरूआत कल से होगी। इकतीस दिसंबर को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे।

**********

मौसम विभाग ने आज और कल प्रदेश भर में कड़ाके की ठंड जारी रहने की चेतावनी दी है। विभाग ने इस अवधि में घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने का रेड अलर्ट भी जारी किया है। विभागीय पूर्वानुमान के मुताबिक आगामी चार दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। साथ ही मौसम शुष्क बना रहेगा।

**********